# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिये बनाया जाएगा प्राकृतिक कृषि बोर्ड

## चर्चा में क्यों?

8 मार्च, 2022 को हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कुरुक्षेत्र में कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और किसानों को इस खेती के लिये सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से प्राकृतिक कृषि बोर्ड का गठन करने का निर्णय लिया गया है।

## प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की जनता को ज़हरयुक्त उत्पादों से निजात दिलाने व भूमि की सेहत को बचाने के लिये प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाएगा।
- प्रदेश सरकार द्वारा प्राकृतिक कृषि बोर्ड के गठन हेतु 32 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती के लिये 3 साल उत्पादन आधारित योजना को भी मूरत रूप देने का काम किया गया है। इस योजना के तहत 100 क्लस्टर बनाए जाएंगे और प्रत्येक क्लस्टर में 25 एकड़ भूमि को भी प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ा जाएगा।
- इसके बाद सर्टीफिकेशन, ब्रांडिंग और फिर पैकेजिंग का कार्य किया जाएगा। इसके साथ ही अगर प्राकृतिक खेती के कारण किसानों को नुकसान हुआ तो सरकार द्वारा मुआवज़े की राशि प्रदान की जाएगी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/natural-agriculture-board